सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 83 | इंदौर, सोमवार 06 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

◆ चुनाव आयोग की आज शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस

## बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का होगा ऐलान



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) आज शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए तारीखों और शेड्यूल की आधिकारिक घोषणा करेगा. उम्मीद लगाई जा रही हैं कि बिहार में दो चरणों में मतदान हो सकता है. वहीं, रविवार को पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट कर दिया था कि आगामी विधानसभा चुनाव 22 नवंबर से पहले संपन्न हो जाएगी, क्योंकि 22 नवंबर को वर्तमान कार्यकाल समाप्त हो रहा है.

आयोग ने 4 और 5 अक्टूबर को बिहार का दौरा किया, जहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने राजनीतिक दलों, अधिकारियों, पुलिस और सिविल सोसाइटी से मुलाकात की. इस दौरान कानून-व्यवस्था, व्यय निगरानी और मतदान केंद्रों की व्यवस्था पर चर्चा हुई. राजनीतिक दलों ने चरणों की संख्या पर सुझाव दिए और आयोग ने छठ पूजा (18-28 अक्टूबर) और दिवाली को ध्यान में रखते हुए शेड्यूल तैयार किया है. मतदान संभवतः छठ के बाद अक्टूबर-नवंबर में होगा जो 2020 की तरह कम चरणों में हो सकता है. प्रत्येक बूथ पर केवल 1,200 मतदाताओं की अनुमति होगी.

वहीं, राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग के साथ बैठक में छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने की अपील की है जो अक्टूबर के अंत में मनाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके, क्योंकि बड़ी संख्या में बाहर काम करने वाले लोग त्योहारों के लिए अपने-अपने घर लौटते हैं. इससे पहले बिहार दौरे के बाद पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण से 22 साल बाद मतदाता सूची का शुद्धिकरण हुआ है. उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कई नई पहल की जा रही हैं, जिन्हें आने वाले समय में पूरे देश में दोहराया जाएगा. मुख्य चुनाव आयुक्त ने 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा के चुनावों में शुरू की जा रही कई पहलों के बारे में भी बताया, जिसमें अनुसूचित जातियों के लिए 38 निर्वाचन क्षेत्र और अनुसूचित जनजातियों के लिए दो अन्य आरक्षित हैं.

# गुवाहाटी में सीएम बोले-मध्यप्रदेश बना निवेशकों की पहली पसंद

## उद्योगपतियों और निवेशकों दिया आमंत्रण




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। गुवाहाटी में आयोजित इन्टरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अर्पोच्यूनिटीज इन मध्यप्रदेश कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को देश का आदर्श निवेश गंतव्य बताते हुए असम के उद्योगपतियों और निवेशकों को राज्य में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति, 24x7 बिजली-पानी की उपलब्धता, कुशल मानव संसाधन, और बेहतर लॉजिस्टिक नेटवर्क इसे उद्योगों के लिए देश का सबसे उपयुक्त राज्य बनाते हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया निवेशकों को आकर्षित करने वाला ऐलान

1. रोजगार आधारित उद्योगों को प्रति श्रमिक 5000 की सब्सिडी।
2. टेक्सटाइल सेक्टर के लिए पीएम मित्र पार्क,
3. मेडिकल डिवाइसेस पार्क, लेदर पार्क और इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट्स हब की सुविधा।
4. उद्योगों के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस, स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस पर जोर।

### मप्र और असम के बीच सहयोग पर बल

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश और असम के बीच 5000 वर्षों का सांस्कृतिक संबंध है। दोनों राज्य वन्यजीव संरक्षण में सहयोग कर सकते हैं। मध्यप्रदेश असम को घड़ियाल, मगरमच्छ और गौर दे सकता है, जबकि असम से गैंडा मध्यप्रदेश के वन क्षेत्र को समृद्ध कर सकता है। साथ ही, दोनों राज्य मिलकर ईको-टूरिज्म, रिवर क्रूज़ और सस्टेनेबल हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर सकते हैं।

### निवेशकों ने दिखाई गहरी रुचि

कार्यक्रम में भाग लेने वाले उद्योगपतियों ने फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, सीमेंट, टेक्सटाइल, टूरिज्म और पैकेजिंग सेक्टर में मध्यप्रदेश में निवेश की गहरी रुचि दिखाई। कई उद्योगपतियों ने वन-टू-वन चर्चा में निवेश प्रस्ताव भी रखे।

### निवेश का हर पहलू फायदे का सौदा

सीएम ने कहा कि जो भी उद्यमी मध्यप्रदेश में निवेश करेगा, उसे सभी आवश्यक सुविधाएं, सरकारी सहयोग और स्थायी उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम में "मध्यप्रदेश अनंत संभावनाएं" शीर्षक से प्रमोशनल वीडियो भी दिखाया गया, जिसमें राज्य की औद्योगिक ताकत और निवेश अवसरों का जीवंत चित्रण किया गया।

# दीपावली के बाद टूटेगा बीआरटीएस

## छह माह बाद ब्रिज बनाने की होगी कवायद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश के पहले इंदौर बीआरटीएस प्रोजेक्ट को अब तोड़ने का काम शुरू होगा। इसके लिए एक एजेंसी तैयार हो चुकी है और महापौर परिषद ने मंजूरी भी दे दी है। दीपावली के बाद यह काम शुरू होगा। बीआरटीएस तोड़ने से करीब तीन करोड़ रुपये की आय नगर निगम को होगी, जबकि इसके निर्माण में 13 साल पहले 250 करोड़ रुपये से अधिक की राशि लगी थी।**



**बीआरटीएस तोड़ने का फैसला राज्य सरकार ने लिया है, अब इसी मार्ग के सात चौराहों पर ब्रिज बनाए जाएंगे।**

बीआरटीएस तोड़ने का फैसला सरकार ने लिया था, क्योंकि बीआरटीएस के सात चौराहों पर ब्रिज बनाना हैं। बीआरटीएस तोड़ने की जानकारी नगर निगम की तरफ से हाईकोर्ट में भी दी गई है। वहां से भी इसके लिए मंजूरी मिल चुकी है। बीआरटीएस तोड़ने में भी कम से कम चार माह का समय लगेगा, क्योंकि उसमे काफी महंगे उपकरण लगे हैं। तोड़ने वाली एजेंसी उसका उपयोग करेगी। साढ़े 11 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस पर आई बसों का संचालन किया जाता है। इनमें हर दिन 70 हजार से ज्यादा यात्री सफर करते हैं। अब ये आई बसें मिक्सलेन में चलेंगी। बीआरटीएस के भंवरकुआ चौराहा पर इंदौर विकास प्राधिकरण ब्रिज बना चुका है। निरंजनपुर चौराहे पर भी ब्रिज बनाया जा रहा है। सात चौराहों के लिए नगर निगम ने प्री फिजिबिलिटी सर्वे कराया है। इन चौराहों पर ब्रिज बनाए जाना हैं। निर्माण का काम भी छह माह बाद ही शुरू हो पाएगा।

# इंदौर के पथ संचलनों में दिखी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ताकत

## 170 किलोमीटर की कुल दूरी तय की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला। कुछ क्षेत्र में सुबह पथ संचलन निकले, जबकि कुछ इलाकों में शाम को संचालन का समय रखा गया था। 34 स्थानों से निकले पथ संचलनों ने कुल 170 किलोमीटर की तय की। चिमन बाग पर पथ संचलन से पहले एक सभा भी आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने इंदौर के मालवा प्रांत में संघ के इतिहास और पथ संचलन के महत्व पर प्रकाश डाला।**



उन्होंने कहा कि इंदौर में संघ आजादी के पहले से सक्रिय है। यहां के स्वयंसेवक राजस्थान के कोटा शहर में संघ की जड़ें मजबूत करके आए हैं। वर्ष 1940 के आसपास कराची से संघ के स्वयंसेवक शिक्षण वर्ग में शामिल होने इंदौर आए थे। वक्ताओं ने कहा कि संचलन हिंदू समाज की शोभायात्रा है। पथ संचलन समाज में विश्वास पैदा करता है। यह संचलन बताता है कि हिंदू संगठित है। बाबा साहेब तराणेकर ने कहा कि कहा कि हमारा मार्ग सनातन है, क्योंकि जब सृष्टि के साथ वेदों का निर्माण हुआ तो धर्म का निर्माण हुआ। हमारा धर्म सबसे पुराना है। हमारा धर्म ही दूसरे धर्मों को मार्ग दिखाता है। इस कारण हमारे धर्म को सनातन माना गया है। भारतीय महाद्वीप हमारा संपूर्ण भारतवर्ष है। इसमें धरती, आकाश पहाड़ शामिल हैं। इसका उल्लेख वेदों में किया गया है। इसकी रक्षा हमें करना है। चिमनबाग से शुरू हुआ पद संचलन अलग-अलग मार्गों से गुजरा। स्वयंसेवक के स्वागत के लिए कई जगह मंच लगाए गए थे। इसके अलावा परिवारों ने घर के बाहर रंगोलियां भी बनाई थीं। संगम नगर में महिलाओं ने चंदन के तिलक लगाकर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन में शहर के जनप्रतिनिधि, पूर्व अफसर, व्यापारी भी शामिल हुए। संचलन में मेयर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता मौजूद थे। पथ संचलन में इस बार दो लाख से ज्यादा स्वयंसेवक जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। इसकी तैयारियां कई दिनों से हो रही थी। यह मेहनत रविवार को नजर आई। डेढ़ लाख से अधिक स्वयंसेवक संचलन में शामिल हुए। शहर के भंवरकुआ क्षेत्र, बंगाली कॉलोनी, संगम नगर, परदेशीपुरा, एरोड्रम क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर पथ संचलन निकले। नंदानगर मार्ग पर व्यापारियों ने स्वागत के लिए मंच लगा रखे थे। जहां जहां से संघ के स्वयं सेवक कदमताल करते निकले लोगों ने उनका स्वागत किया।

# राजस्थान के बिजनेसमैन ने इंदौर में ली मुनिदीक्षा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अहिल्या नगरी इंदौर आज एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनी। श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित भव्य जैनेश्वरी दीक्षा महोत्सव में एक साथ कई दीक्षार्थियों का संयम जीवन में प्रवेश हो गया।**

आचार्य श्री 108 विनम्र सागरजी महाराज और अन्य मुनिश्री, आचार्यश्री के सान्निध्य में विजयनगर स्थित आईडीए ग्राउंड में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उपस्थित रहे। आयोजन में बांसवाड़ा के बिजनेसमैन अनिल मेहता, ऐलक श्री विनमित सागर जी, नितिन जैन (नीरज जी महाराज) सहित अनेक साधक दीक्षा लेकर मोहमाया से मुक्त संयम मार्ग पर अग्रसर हुए। सात महिला दीक्षार्थी साध्वी श्री आस्था जैन, मनीषा जैन, मीरा जैन, सोनम जैन, नेहा जैन, ज्योति जैन व अंशु जैन भी इस दिन वैराग्य का व्रत धारण किया।

दीक्षा कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 4 बजे केशलोंच से हुई। दीक्षार्थियों ने हंसते हुए अपने केशों का त्याग किया। यह त्याग राग, द्वेष और मोह के विनाश का प्रतीक माना जाता है। गुरु भक्ति, स्तोत्र पाठ, और पारंपरिक मंगल स्नान की क्रियाएं सम्पन्न की गईं। सुबह 9 बजे से कलश यात्रा एवं शोभायात्रा (विजयनगर क्षेत्र से मंदिर तक) निकाली गई। उसके बाद सुबह 10 बजे से मुख्य दीक्षा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर पूज्य आचार्य श्री विशद सागर जी, आचार्य श्री विभव सागर जी, आचार्य श्री प्रसन्न ऋषि जी, आचार्य श्री विप्रणत सागर जी सहित लगभग 100 से अधिक संतगण अपनी पावन उपस्थिति से आयोजन को गरिमामय बनाया।

# मंदिर के पास धंसने लगा कुआं दो मकान खाली कराए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चितावद इलाके में एक कुआं अचानक धंसने लगा। कुआं एक मंदिर के पास बना है। जिसके आसपास रहवासी इलाका है। आसपास के दो मकानों को खाली कराया गया। वक्त रहते एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा भी मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला। इधर, सूचना पर नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। कुएं को भरा जा रहा है, ताकि कोई घटना-दुर्घटना ना हो।**



घटना रविवार दोपहर को वार्ड 64 स्थित चितावद क्षेत्र की है। यहां श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर चितावद के पास ये वाकया हुआ। दोपहर में एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा को जानकारी मिली कि मंदिर के पास बना कुआं अचानक धंस रहा है। सूचना मिलने पर वे तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को देखा। उन्होंने आसपास में रहने वाले कुछ लोगों को घर से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर रुकने का कहा। सुरक्षा को लेकर रस्सी से कुएं के आसपास घेरा बना दिया ताकि कोई उस तरफ ना जा सके। सूचना पर नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी जेसीबी और डंपर लेकर मौके पर पहुंच गए। एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा ने बताया कि वार्ड 64 हनुमान मंदिर के पास कुआं अचानक धंस गया। जिसके बाद वह लगातार धंस रहा था। सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे और नगर निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और बड़ी घटना होने बची। जेसीबी और डंपर को मौके पर बुलवाया गया और तत्काल कुएं को मिट्टी डालकर भरने का काम शुरू किया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। आसपास के दो परिवार के लोगों को घर से बाहर कर धर्मशाला में रुकने को कहा गया। घटना की जानकारी लगने के बाद लोगों की भी भीड़ वहां जमा हो गई। आसपास के लोगों का कहना है कि बीते दिनों हुई बारिश के कारण संभवतः ये हुआ है। हालांकि कुआं किस वजह से धंस रहा था ये अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जल्द ही कुएं के भराव का काम पूरा हो जाएगा। बताया जा रहा है कि कुएं को लेकर आगे जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण किया जाएगा। बता दें कि इंदौर में पहले भी बलेश्वर बावड़ी हादसा हो चुका है, जिसमें कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

# नए मालवा मिल ब्रिज की खामियों पर पेचवर्क, गेप पर लगाई सीमेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में मालवा मिल-पाटनीपुरा मार्ग पर बना नया ब्रिज लोकार्पण के बाद से ही चर्चा में है। ट्रैफिक के लिए ब्रिज खोले जाने के दूसरे दिन शहर में बारिश हुई और ब्रिज पर पानी भर गया। इसके अलावा ब्रिज के दोनों तरफ स्लैब और सड़क पर गेप होने से वाहन चालकों को दचके भी लग रहे थे। इस खामियों को लेकर नगर निगम की किरकिरी हो रही थी। इसके बाद अफसरों ने ठेकेदार कंपनी को ब्रिज की खामियां दूर करने को कहा। रविवार सुबह ब्रिज के एक तरफ के हिस्से में बेरिकेड लगा दिए गए और गेप को सीमेंट के मिश्रण से भरा जा रहा था। यह काम चलते ट्रैफिक के बीच दिन में किया गया। उसे मजबूत होने और सूखने में दो से तीन दिन का समय लगेगा। यदि उससे पहले उस पर यातायात शुरू हो गया तो फिर पेचवर्क टूट जाएगा। अब सोमवार को ब्रिज के दूसरे हिस्से में गेप को भरा जाएगा। इसके अलावा ब्रिज की जल निकासी के लिए बनाई गई नालियों की भी सफाई की गई। जिस हिस्से में ब्रिज बना है, वहां दोनों तरफ की सड़कों को ढलान है। इसके चलते वहां वर्षाजल निकासी के लिए बड़ा चैंबर भी बनाया गया है। रविवार को ब्रिज के नीचे नाले की सफाई की गई और निर्माण सामग्री को हटाया गया। पुराने ब्रिज की ईंटें भी नाले में पड़ी थी। उन्हें भी निकाला गया। आपको बता दें कि ब्रिज निर्माण के कारण आठ माह से पाटनीपुरा मार्ग बंद था। व्यापारियों का भी नगर निगम पर दबाव था कि वे दीपावली त्यौहार से पहले ब्रिज आवागमन के लिए खोलें। इस कारण दशहरे के पर्व पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ब्रिज का लोकार्पण किया, लेकिन ब्रिज का कुछ काम बचा हुआ है।



# पेड़ों की हत्या पर मुंडन करवाया इंदौर की रक्षा के लिए प्रार्थना की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में हो रही पेड़ों की अनवरत कटाई पर निराश पर्यावरणप्रेमियों ने आज कटे हुए पेड़ों के पास मुंडन करवाया। इन्होंने पेड़ों की कटाई को हत्या बताते हुए कहा कि सब जगह प्रयास करने के बावजूद भी शहर में अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। थक हारकर अब हमें ईश्वर से गुहार लगाना पड़ रही है। इस शहर के पेड़ों को बचाए और इंदौरियों की सांसों को सुरक्षित रखे।**







हाल ही में लालबाग स्थित गुरुनानक कॉलोनी के बारामस्था बगीची परिसर में मौजूद करीब 300 वर्ष पुराने पीपल के वृक्ष की निर्दयतापूर्वक कटई कर दी गई। इसके विरोध में रविवार को एक भावपूर्ण प्रार्थना सभा और दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी परिसर में अन्य भी पेड़ काटे गए हैं। पर्यावरणप्रेमियों ने कहा कि एमओजी लाइन, खंडवा रोड, उज्जैन रोड, मल्हारआश्रम, विजय नगर हर जगह पेड़ों की कटाई चल रही है। एक साल से चल रहे आंदोलन के बावजूद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर जरा भी प्रभाव नहीं पड़ रहा और पेड़ों की कटाई अनवरत जारी है। इसी के चलते आज मुंडन और दीपदान का कार्यक्रम रखा गया। ईश्वर से प्रार्थना का गई कि शहर के नेताओं को सद्बुद्धि मिले। शहर में अनियंत्रित रूप से हो रही वृक्षों की कटाई के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए पर्यावरण प्रहरी मुकेश रजत वर्मा और चंद्रशेखर गवली ने एक अनूठा कदम उठाया। उन्होंने पीपल को 'गुरु स्वरूप' मानकर प्रायश्चित स्वरूप अपने सिर का मुंडन कराया। उनके इस 'केश दान' का उद्देश्य धरोहर वृक्षों के प्रति लोगों में जागरूकता लाना और उनके संरक्षण के लिए उत्तम भाव जागृत करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, पर्यावरण प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने पीपल वृक्ष के चारों ओर दीप जलाकर उसके शीघ्र पुनर्जीवन के लिए 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' प्रार्थना का सामूहिक गान किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह सिर्फ एक पेड़ नहीं, बल्कि होलकरकालीन विरासत का प्रतीक है, जिसे संरक्षित किया जाना चाहिए था। इसी दौरान यह बात भी सामने आई कि परिसर में अवैध निर्माण के लिए हाल ही में तीन अन्य हरे-भरे पेड़ों को भी बेरहमी से काट दिया गया है। यह जानकर लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने काटे गए पेड़ों को श्रद्धांजलि दी। शिकायत के बाद नगर निगम के उद्यान प्रभारी ने स्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शरद पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर महाराज श्री का केशरिया उपरना पहना कर किया अभिनंदन..गरबों की भी हुई प्रस्तुतियां



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शरद पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर कीमती गार्डन में आयोजित 'दिव्य पुष्टि रासोउत्सव 'में महाराज श्री का केशरिया उपरना पहना कर अभिनंदन संस्था 'आदित्य'के संयोजक पत्रकार सचिन नीमा ने किया।इस शुभ अवसर पर महाराजश्री द्वारा भी उन्हें रचनात्मक व सामाजिक कार्यो में सहभागिता के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की गई। वैष्णव निकुंजनायक प्रभु श्री गोवर्धननाथजी के परम अनुग्रह से तथा नि.ली. पूज्यपाद गोस्वामी 108 श्री देवकीनन्दनजी महाराजश्री के शुभाशीर्वाद से एवं पूज्य पाद गोस्वामी 108 श्री दिव्येशकुमारजी महाराजश्री, चि. श्री प्रियव्रजरायजी बावाश्री एवं चि. श्री अनुश्रुतजी बावाश्री के सुखद सानिध्य में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अलौकिक 'दिव्य पुष्टि रासोउत्सव आयोजित किया गया जिसमें शानदार गरबों की प्रस्तुतियां हुई।जिसमें समाजजनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में मनीष नीमा, राजेश नीमा, आशीष पोरवाल, जयेश गुप्ता आदि ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## अर्जुन अवार्डी पहलवान कृपाशंकर बिश्नोई को जिम्मेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश के प्रतिष्ठित कालीरामन फाउंडेशन द्वारा आयोजित 11वें सर छोटू राम स्मृति भारत गौरव सम्मान समारोह 2025 के लिए चयन समिति का गठन किया गया है। इस समिति के चेयरमैन के रूप में अर्जुन अवार्डी कृपाशंकर बिश्नोई, उपाध्यक्ष हरिंदर सिंह लम्बा प्रिंसिपल केंद्रीय स्कूल, सचिव भूपेंद्र सिसाय और अन्य पदाधिकारियों को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया है। इस मौके पर भारत गौरव सम्मान समारोह कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद थे। फाउंडेशन के संस्थापक सुरेन्द्र कालीरामन ने बताया कि चयन समिति में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, समाजसेवी और विद्वान शामिल किए गए हैं, जो देशभर से उन हस्तियों का चयन करेंगे जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर राष्ट्र का नाम रोशन किया है।

भाजपा विधायक बोले-

## बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट चेक करें, कोचिंग-जिम के पास जिहादी तो नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विधायक गोलू शुक्ला का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे जिहादियों के खात्मे की बात कहते दिखाई दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि माता-पिता अपने बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट के साथ ही कोचिंग और जिम पर नजर रखें कि वहां कोई जिहादी तो नहीं है।**

दरअसल, दशहरे के मौके पर इंदौर के छावनी इलाके में रावण दहन का आयोजन किया गया था। यहां विधायक गोलू शुक्ला भी यहां पहुंचे थे। जहां उनका साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक शुक्ला ने मंच से जनता से एक अपील की है।



विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि आप सब इन लव जिहादियों से सावधान रहे। हम सब सनातनी है, सनातनी रहेंगे और मरते दम तक सनातनी रहेंगे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से अपील की है कि खासकर माता-पिता से की वे अपने बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी ध्यान रखे। उनके वॉट्सएप, इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया अकाउंट को चेक करें कि वे किससे बात कर रहे हैं। वो जिस कोचिंग क्लास जा रहे हैं, जिस जिम में जा रहे हैं। वहां भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कोचिंग-जिम के आसपास कोई जिहादी तो नहीं है। हम सब ध्यान रखेंगे तो निश्चित रूप से हम जिहादियों का खात्मा कर देंगे। इन जिहादियों का खात्मा होकर रहेगा। इसी आयोजन में तेलंगाना के विधायक टी. राजा ने लोगों को जिहादी मुक्त मध्यप्रदेश बनाने की शपथ दिलाई थी। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया था कि वे पूरे एमपी के बाजारों में बैनर लगाकर प्रदेश को जिहादी मुक्त बनाएं। विजयादशमी पर्व पर वे बतौर मुख्य अतिथि छावनी के रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

## सूखा-गीला कचरा डालने पर रोका तो रहवासी ने किया विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। नगर निगम के कचरा गाड़ी के ड्रायवर और हेल्पर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इलाके में रहने वाले एक रहवासी के खिलाफ मारपीट करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में एफआईआर की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी गीला और सूखा कचरा एक साथ गाड़ी में डाल रहा था।

खजराना पुलिस के मुताबिक अमित पाल निवासी मुराई मोहल्ला नगर निगम में दैनिक वेतनभोगी के पद पर काम करते है। वह जोन नंबर 10 की गाड़ी चलाते हैं। तंजीम नगर इलाके में शनिवार को कचरा गाड़ी लेकर पहुंचे थे। इस दौरान उनका हेल्पर विजय भी साथ में था। तंजीम नगर में एक घर से रेहान पुत्र जुबेर खान सूखा और गीला कचरा लेकर आया और गाड़ी में एक साथ डालने लगा। इस दौरान हेल्पर विजय ने उसे ऐसा करने से रोका। तो उसे अपशब्द कहने लगा। हेल्पर के बचाव में अमित आए तो उनसे भी विवाद किया। इस दौरान रेहान ने वहां मारपीट कर दी। वही आसपास की भीड़ को इकट्ठा कर लिया और कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मामले में नगर निगम के अफसरों को जानकारी दी। इसके बाद एक लिखित आवेदन थाने में दिया। जिसमें रात में पुलिस ने एफआईआर कर ली।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैंनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

# हर महीने 318 करोड़ का खर्च बढ़ा देगी लाड़ली बहना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अब हर महीने मोहन यादव सरकार का 318 करोड़ का खर्च बढ़ा देगी। कर्ज लेकर लाड़ली बहनों को 1250 रुपए दे रही राज्य सरकार को अब इसी महीने से इस योजना के लिए 318 करोड़ रुपए का प्रबंधन अलग से करना होगा। यह राशि 15 अक्टूबर के पहले प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में भेजी जा सकती है, क्योंकि मुख्यमंत्री ने इसी साल दिवाली के बाद भाईदूज से बहनों के खाते में 250 रुपए और बढ़ाकर देने का फैसला किया है। इसके बाद हर महीने लाड़ली बहना योजना में 1500 रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना की किस्त में 250 रुपए बढ़ाने का ऐलान अगस्त में किया था। इसके बाद अब इसी महीने से यह राशि राज्य सरकार को ट्रांसफर करना है, क्योंकि 23 अक्टूबर को भाईदूज है और इसी दिन से सीएम ने 250 रुपए बढ़ाने की घोषणा की है। हर माह सीएम यादव 15 तारीख के पहले इस योजना की राशि ट्रांसफर करते हैं। इसलिए यह माना जा रहा है कि लाड़ली बहनों के खाते में 15 अक्टूबर के पहले ही यह राशि जमा करा दी जाएगी।

# अब बैतूल में दो मासूमों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत का आंकड़ा 16 तक पहुंच चुका है। छिंदवाड़ा जिले में 14 बच्चों की मौत के बाद अब बैतूल जिले के आमला ब्लॉक में दो मासूम बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में इन बच्चों की मौत का कारण भी किडनी फेल होना बताया जा रहा है। दोनों बच्चों का इलाज छिंदवाड़ा जिले के परासिया में ही डॉ. प्रवीण सोनी के पास हुआ था। परासिया में बच्चों की मौत के मामले में डॉ. सोनी को गिरफ्तार किया जा चुका है।बैतूल जिले में पहला मामला निहाल (2 वर्ष) पुत्र निखिलेश धुर्वे, निवासी जामुन बिछुआ का है। तबीयत बिगड़ने पर बच्चे को बैतूल और फिर एम्स भोपाल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरा मामला कबीर (3 वर्ष 11 माह) पुत्र कैलाश यादव, निवासी राम नगर ढाना कलमेश्वरा का है। उसने भी इसी डॉक्टर से इलाज कराया था और 8 सितंबर को उसकी मौत हो गई।

# मध्यप्रदेश और असम के बीच वन्य जीव पर्यटन में साझेदारी के लिए होगी विशेष पहल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काजीरंगा नेशनल पार्क का किया भ्रमण

◆ **चाय बागान में श्रमिकों और बहनों से किया आत्मीय संवाद**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असम प्रवास के दौरान रविवार को विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और चाय बागान का भ्रमण किया। उन्होंने बागान में चाय उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन कर स्थानीय किसानों और श्रमिक बहनों से आत्मीय संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि**



**चाय उद्योग असम का गौरव और अर्थव्यवस्था का प्रतीक है। परिश्रम, अपनत्व एवं सादगी की धरती असम और मध्यप्रदेश के बीच व्यापार-उद्योग के साथ ईको-टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन की दिशा में भी परस्पर सहयोग, विश्वास और साझेदारी को बढ़ाने के लिए विशेष पहल होगी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संरक्षण की मनमोहक झलक देखी एवं हाथियों को स्नेह से गन्ना खिलाकर दुलार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां वन्यजीवों के संरक्षण संवर्धन के लिये नवाचारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उद्यान भ्रमण के दौरान अजगर को प्राकृतिक आवास में छोड़ा। उल्लेखनीय है कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सींग वाले गैंडे सहित पूर्वी हिमालयी जैव विविधता का केन्द्र है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व-धरोहर घोषित किया गया। यह उद्यान हाथियों, जंगली भैंसों, दलदली हिरणों और विभिन्न पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल है। यह उद्यान वन्य जीवों की बड़ी संख्या के साथ वन्य जीव संरक्षण गतिविधियों के लिए भी विख्यात है।

# ट्रक ने ई-स्कूटी को रौंदा, ट्रेजरी अफसर-प्रॉपर्टी डीलर जिंदा जले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। खंडवा में एक ट्रक ने ई-स्कूटी सवार दो युवकों को रौंद दिया। दोनों युवक ट्रक के पहियों में फंस गए। स्कूटी की बैटरी में ब्लास्ट के साथ आग लग गई। दोनों जिंदा ही जल गए। लोगों को बचाने तक का मौका नहीं मिला।**

हादसा इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर रविवार दोपहर को हुआ। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान विनीत पिता महेश शर्मा और सैयद मोहसिन पिता एजाज अली के रूप में हुई है, दोनों बड़वाह के रहने वाले थे। विनीत शर्मा खंडवा कलेक्ट्रेट में सहायक कोषालय अधिकारी (ATO) थे और 2015 से खंडवा में पदस्थ थे। उनके परिवार में 3 साल की बेटी है। उन्होंने कुछ समय पहले ही ओला स्कूटी खरीदी थी। वहीं, सैयद मोहसिन प्रॉपर्टी और एलआईसी का काम करते थे। मोरटक्का पुलिस के अनुसार, मेघना बस बड़वाह से सनावद जा रही थी। उसके ठीक पीछे विनीत और मोहसिन अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर थे। मोरटक्का में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बस ने किसी वाहन को ओवरटेक किया, उसी समय सामने से राखड़ से भरा ट्रक आ रहा था। ट्रक ड्राइवर बस से बचने के लिए अनियंत्रित हो गया। बेकाबू ट्रक उन्हें रौंदता हुआ रॉन्ग साइड पर जाकर एक खेत में घुस गया। ट्रक के नीचे फंसे होने के कारण स्कूटी की बैटरी में ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। आग ने ट्रक के टायरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। दोनों युवकों को बचने का कोई मौका नहीं मिला। उनकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को शव निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में एक क्रेन की मदद से ट्रक को पलटवाया गया, तब जाकर दोनों के शव बाहर निकाले जा सके।

# श्रद्धालुओं का ट्रैक्टर पलटा, 2 की मौत

**मुरैना, एजेंसी।** मुरैना जिले के सबलगढ़ में कैला देवी मंदिर से लौटते समय श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हैं। घटना नंदापुरा के पास रविवार दोपहर लगभग 3 बजे हुई। मृतकों की पहचान रामपुर कलां निवासी संदीप धाकड़ की 23 वर्षीय पत्नी तुलसी बाई और महेंद्र धाकड़ की 11 वर्षीय बेटी संजना के रूप में हुई। वहीं घायलों को तत्काल सबलगढ़ सिविल अस्पताल लाया गया। घायलों की संख्या अधिक होने के कारण सिविल अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई।

# सिरप से हुई मौतों पर केंद्र सख्त, राज्यों के साथ स्वास्थ्य सचिव की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप के चलते हुए बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ आज एक अहम बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उचित उपयोग पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम का सख्ती से पालन करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया। साथ ही, खासकर बच्चों में खांसी की दवाओं का सही और सीमित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया, क्योंकि अधिकांश खांसी स्वयं ही ठीक हो जाती है और दवाइयों की जरूरत नहीं होती। इस दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बेहतर निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग, आईडीएसपी-आईएचआईपी की रिपोर्टिंग टूल का व्यापक प्रचार और सूचनाओं के आदान-प्रदान व संयुक्त कार्रवाई के लिए मजबूत समन्वय बनाए रखने की सलाह दी गई। वहीं दूसरी ओर सरकार कफ सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनी पर सख्य कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) तमिलनाडु एफडीए (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) को 'कोल्ड्रिफ' सिरप निर्माता के खिलाफ सबसे गंभीर अपराधों के तहत सख्त कार्रवाई करने के लिए कहेगा।

# 10वीं की छात्रा का किया दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, एजेंसी।** शाजापुर में लड़की के साथ दुष्कर्म करके जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी का नाम हशीर उर्फ अल्लाउद्दीन है। अन्य मामले में आरोपी लड़के ने लड़की की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और उसके भाई को पीटा भी। छात्राओं ने मामले में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। दोनो ही मामले में पुलिस फरार आरोपियों को तलाश में जुटी हुई है। पहली घटना शाजापुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र की है। शनिवार को दसवीं की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। छात्रा के मुताबिक, वह ट्यूशन पढ़ने जा रही थी, तभी टंकी चौराहे के पास आरोपी हशीर उर्फ अल्लाउद्दीन ने छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाया और अपने साथ ले गए। आरोपी ने रास्ते मे चीलर डेम पर काटकर फेकने की धमकी देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी को छात्रा पहले से जानती थी इसलिए उसके साथ जाने को तैयार हो गई थी।

# डैम में गिरी कार, पति-पत्नी व दो बच्चों को लोगों ने जान पर खेलकर बचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी जिले में यहां एक कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर के बाद कार सिंध डैम में जा गिरी, कार में पति-पत्नी व दो बच्चे सवार थे। गनीमत रही की हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोग अपनी जान खतरे में डालकर डैम में कूदे और कार में सवार पति-पत्नी व दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना अमोला थाना इलाके की है। बताया जा रहा है कि कार में सवार परिवार सत्संग में शामिल होने के लिए जा रहा था।

जिले के अमोला थाना इलाके में रविवार को सिंध डैम पर एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। यहां एक कार को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सिंध डैम में जा गिरी। कार के डैम में गिरते ही मौके पर मौजूद गोपाल परिहार, सुखदेव लोधी, मनोज कलावत और राकेश मिस्त्री ने बिना अपनी जान की परवाह किए डैम में छलांग लगाई और पानी में डूब रही कार में फंसे पति-पत्नी व दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कार में कोटा निवासी शैलेन्द्र सिंह हांडा, उनकी पत्नी रेखा हांडा और बच्चे नोदिघ हांडा व देवदत्त हांडा सवार थे।



घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक कार में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया था। कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। बताया गया है कि कोटा के रहने वाले शैलेन्द्र हांडा अपने परिवार के साथ कार से उरई में बाबा जयगुरुदेव के सत्संग में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी रास्ते में ये हादसा हुआ। जान बचने के बाद पीड़ित परिवार ने जान बचाने वाले लोगों और भगवान का शुक्रिया अदा किया है।

# संपादकीय

## 'आईएनएस आंद्रोत' नई ताकत

भारतीय नौसेना अपने स्वदेशी निर्माण कार्यक्रम के तहत आईएनएस 'आंद्रोत' को कमीशन करने जा रही है। यह भारतीय नौसेना का दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है। इसे सोमवार यानी 6 अक्टूबर को नेवल डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में एक भव्य समारोह में नौसेना में शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्वी नौसेना कमान के कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर उपस्थित रहेंगे। आईएनएस 'आंद्रोत' का कमीशन होना भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता में वृद्धि और स्वदेशीकरण के प्रति उसकी सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हाल के महीनों में नौसेना के बेड़े में कई अत्याधुनिक युद्धपोत शामिल हुए हैं। नौसेना के बेड़े में इस मजबूती से भारत की समुद्री शक्ति और तकनीकी दक्षता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। आईएनएस 'आंद्रोत', गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकाता ने निर्मित है। यह भारत की बढ़ती समुद्री आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस युद्धपोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामान का इस्तेमाल किया गया है, जो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्यों के अनुरुप है। यह वॉरशिप भारतीय नौसेना की उस सोच को मजबूत करता है, जो स्वदेशी तकनीक, नए और घरेलू उद्योगों के सहयोग से मॉडर्न सैन्य क्षमताओं के विकास पर केंद्रित है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आईएनएस आंद्रोत के कमीशन से नौसेना की एंटी-सबमरीन वॉरफेयर क्षमताओं में उल्लेखनीय मजबूती आएगी। विशेष रुप से तटीय या उथले जलक्षेत्रों में पनडुब्बी खतरों से निपटने की दिशा में यह वॉरशिप काफी महत्वपूर्ण है। हाल ही में नौसेना में शामिल हुए अर्नाला, निस्तार, उदयगिरी, निलगिरी और अब आईएनएस आंद्रोत जैसे युद्धपोत भारतीय नौसेना के संतुलित और व्यापक विकास के प्रतीक हैं। ये सभी वॉरशिप भारत की 'आत्मनिर्भरता' की भावना को मूर्त रुप देते हैं। नौसेना के इन जहाजों में डिजाइन, निर्माण और तकनीकी विशेषज्ञता का अधिकांश हिस्सा भारतीय शिपयार्डों और उद्योगों से आता है। आईएनएस आंद्रोत का कमीशन भारतीय नौसेना के उस विजन को भी साकार करता है, जो भारत को एक आत्मनिर्भर, सक्षम और आधुनिक समुद्री शक्ति के रुप में स्थापित करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

## OSHO कहिन

"खुशी कभी मांगी नहीं जाती, यह हमेशा दी जाती है।"



## सैर सपाटा

# करवाचौथ की शॉपिंग के लिए बेस्ट हैं दिल्ली की ये 7 मार्केट

### एक ही जगह मिल जाएगी हर चीज



**सुहागिन स्त्रियों का सबसे पसंदीदा त्योहार करवाचौथ अब बस कुछ ही दिनों में आने वाला है। इस दिन को खास बनाने के लिए महिलाएं कई दिन पहले से अपनी तैयारियां शुरू कर देती हैं। त्योहार को लेकर महिलाओं के उत्साह को देखते हुए दिल्ली एनसीआर के बाजारों में भी रौनक बढ़ जाती है। लेकिन आप अगर दिल्ली में नए हैं और करवाचौथ की शॉपिंग के लिए कोई अच्छी मार्केट ढूंढ रही हैं तो दिल्ली के इन 7 बाजारों में आपको पारंपरिक साड़ियों से लेकर लहंगे, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी, चूड़ियां, ज्वेलरी और पूजा सामग्री जैसी सारी चीजें एक ही जगह मिल जाएंगी। करवाचौथ की शॉपिंग की खरीदारी के लिए ये बाजार बेस्ट माने जाते हैं। इन बाजारों में आपको सस्ते दामों में ढेरों वैरायटी और त्योहारी डिस्काउंट मिल जाएगा।**

### लाजपत नगर मार्केट

करवाचौथ की खरीदारी के लिए लाजपत नगर मार्केट महिलाओं का फेवरेट शॉपिंग स्पॉट है, जहां ज्वेलरी लेन में चूड़ियां, बिंदी, चूड़ियां और इमिटेशन ज्वेलरी की दुकानें सजी रहती हैं। लहंगे और सलवार सूट्स भी किफायती दामों पर उपलब्ध हैं। यहां आपको त्योहारी सेल में 50 प्रतिशत तक का डिस्काउंट मिल सकता है। मेट्रो से आने वाली महिलाओं के लिए लाजपत नगर स्टेशन सबसे नजदीक पड़ेगा।

### चांदनी चौक मार्केट

यह दिल्ली का सबसे पुराना और प्रसिद्ध बाजार है, जहां एथनिक वियर जैसे साड़ियां, लहंगे, सूट्स, चूड़ियां और ज्वेलरी की भरमार है। किनारी बाजार में दुल्हन के सामान और दरिबा कलां में चमचमाती ज्वेलरी मिलेगी। मेहंदी आर्टिस्ट्स भी यहां आपको एक से बढ़कर एक मिल जाएंगे। करवा चौथ थाली और पूजा आइटम्स यहां सस्ते दाम पर मिल जाएंगे। यहां पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन चांदनी चौक हैं।

### करोल बाग

करोल बाग की दुकानों में आपको ट्रेडिशनल चोली, लहंगे और एक्सेसरीज देखने को मिलेंगे। ज्वेलरी और मेहंदी के स्टॉल्स भी लोकप्रिय हैं। यह शॉपिंग के लिए बजट फ्रेंडली जगह है।

### कमला नगर

करवा चौथ की ट्रेडिशनल शॉपिंग के साथ मेहंदी लगवाने वाली महिलाओं के लिए बेस्ट जगह है।यहां शेरवानी, लहंगे और पूजा थाली आसानी से मिल जाएंगी। यंगस्टर्स के लिए मॉडर्न ट्विस्ट वाले आउटफिट्स भी उपलब्ध रहते हैं।

### सरोजिनी नगर मार्केट

सुपर बजट में ब्रांडेड लहंगे, साड़ियां और एक्सेसरीज के लिए यह मार्केट बेहद फेमस है। त्योहार पर एक्सपोर्ट सरप्लस सामान सस्ता मिलता है। यहां पहुंचकर आप मेहंदी और चूड़ियों के स्टॉल्स चेक कर सकते हैं।

### साउथ एक्सटेंशन मार्केट

हाई-एंड शॉपिंग के लिए आइडियल, जहां डिजाइनर वियर, प्रीमियम ज्वेलरी और फ्रंटियर रास जैसी दुकानों में करवा चौथ स्पेशल कलेक्शन मिलेगा। लग्जरी लवर्स के लिए ये जगह परफेक्ट है। यहां पहुंचने के लिए नजदीकी मेट्रो स्टेशन ग्रीन पार्क है।

## Rajasthan

# जयपुर के अस्पताल में लगी भीषण आग, सात मरीजों की मौत, मौके पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में देर रात आईसीयू वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बड़ी घटना सामने आई है। इस हादसे में 6 मरीजों की मौत हो गई है, जबकि कई गंभीर मरीजों को सुरक्षित निकाला गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों, नर्सों और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज डॉ. अनुराग धाकड़ ने जानकारी दी कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी प्रतीत होती है। आईसीयू में भर्ती ज्यादातर मरीज पहले से ही बहुत गंभीर स्थिति में थे और कई कोमा में थे। उनके सर्वाइवल



रिफ्लेक्स कमजोर थे, इसलिए उन्हें तुरंत शिफ्ट करना मुश्किल रहा। आग से निकलने वाले टॉक्सिक गैसों के कारण मरीजों की हालत और बिगड़ गई। हमने उन्हें निचले फ्लोर के आईसीयू में शिफ्ट करने की कोशिश की, लेकिन सात मरीजों को बचाया नहीं जा सका।

हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद सवाई मान सिंह अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ राजस्थान सरकार के मंत्री जवाहर सिंह बेधम भी मौजूद थे। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री को सूचना मिली कि ICU में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। कुछ लोगों की मौत हुई है, जबकि 24 में से ज्यादातर मरीजों को बचा लिया गया है।

## P. Bangal

# दार्जिलिंग में बारिश-भूस्खलन: अबतक 23 मौतें

### आज CM ममता का दौरा; उत्तर बंगाल में सड़कें-पुल ध्वस्त, कटा संपर्क



**दार्जिलिंग, (एजेंसी) उत्तर बंगाल और सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में पुल टूटने, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि कई लोग लापता हैं। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। इस मूसलाधार बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और सिक्किम में हुआ है। बारिश के चलते मिरिक और सुकिया इलाके में कई जगह भूस्खलन हुआ है। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। सड़कों पर कई जगह मलबा जम गया है और यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है।**

जिले के कस्बों और पर्यटन स्थलों मिरिक और कुर्सेओंग को जोड़ने वाला दुदिया आयरन ब्रिज भी भरभराकर ढह गया है। भारी बारिश की वजह से फिलहाल सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग स्टेट हाईवे-12 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दलों ने राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन लगातार बारिश और फिसलन भरी सड़कों के कारण राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। प्रशासन ने लोगों से पहाड़ी रास्तों और नदी किनारों से दूर रहने की अपील की है।

## Chhattisgarh

# पहले पिता फिर नानी की गला दबाकर की हत्या

**रायगढ़, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में दशहरे के दिन हुए डबल मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बेटे ने ही इस पूरे हत्याकांड की साजिश रची थी। उसने पड़ोसी के साथ मिलकर अपने पिता और नाना की हत्या की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को इस हत्याकांड में पहले से ही शक था कि किसी अपने ने ही इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने बताया कि पहले पिता और फिर नानी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या के पीछे पैसों को लेकर चल रहा विवाद था। दरअसल, मृतक की जमान को NTPC ने अधिग्रहण किया था। मुआवजे की एक किस्त मिल गई थी अंतिम किस्त मिलने वाली थी। आरोपी बेटा लगातार पैसों की डिमांड कर रहा था। दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद था। जानकारी के अनुसार, आधा पैसा उसकी नानी और आधा उसके पिता को मिलने वाला था।

## New Delhi

# मासूमों की मौत के बाद 'जानलेवा' कफ सिरप पर राज्यों की सख्ती... महाराष्ट्र-केरल-तमिलनाडु में बैन, UP में जांच के आदेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से हो रही नवजात शिशु और बच्चों की मौत को देखते हुए अब महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) ने कोल्ड्रिफ सिरप बैच संख्या SR 13 की बिक्री, वितरण और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। जिन लोगों के पास यह सिरप है, उन्हें इसकी सूचना औषधि नियंत्रण अधिकारियों को देने का निर्देश दिया गया है. वहीं, उत्तर प्रदेश के ड्रग्स विभाग ने कफ सिरप की जांच के आदेश दे दिए हैं. फिलहाल, कोल्ड्रिफ कफ सिरप मध्य प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र में बैन कर दी गई है. इस सिरप से अब तक मध्य प्रदेश में 16 बच्चों ने जान गंवा दी है, जबकि राजस्थान में तीन बच्चों



की मौत हो चुकी है.

उत्तर प्रदेश के असिस्टेंट कमिश्नर ने सभी जिलों के ड्रग इंस्पेक्टर को फार्मा कंपनी से लेकर मेडिकल स्टोर में मौजूद कफ सिरप की सैंपलिंग करने और चिन्हित जानलेवा कफ सिरप को जप्त करने के आदेश दिए हैं.

## खेल

# अजेय भारत का रिकॉर्ड बरकरार, पाकिस्तान चारों खाने चित्त, बैटिंग के बाद गेंदबाजी में भी दिखा दम

**कोलंबो, (एजेंसी)** भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराकर महिला विश्व कप में अपना अभियान जारी रखा है। इससे पहले हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम ने श्रीलंका को हराया था। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 247 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 159 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। भारत के लिए इस मैच में क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि स्नेह राणा को दो सफलताएं मिलीं।

इस जीत के साथ भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला वनडे में 11-0 के रिकॉर्ड में सुधार कर लिया है और अब भारतीय टीम के नाम पाकिस्तान के खिलाफ 12 मैचों में जीत दर्ज हो गई है। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत बेहद



खराब रही। ओपनर मुनीबा अली (2) का रनआउट होना मैच का पहला बड़ा मोड़ साबित हुआ। उन्होंने क्रांति गौड़ की गेंद पर एलबीडब्ल्यू से बचने के बाद थोड़ी देर क्रीज से बाहर कदम रखा और उसी वक्त दीप्ति शर्मा ने शानदार डायरेक्ट हिट से उन्हें रन आउट कर दिया। इसके बाद क्रांति गौड़ (3/20) ने लगातार दो झटके देकर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। उन्होंने पहले सदफ शमास (6) को कैच आउट कराया और फिर आलिया रियाज (2) को बोल्ड कर दिया। पाकिस्तान का स्कोर उस समय 26/3 था। इसी बीच सिदरा अमीन (81) ने एक छोर संभाले रखा और नतालिया परवेज (33) के साथ मिलकर 69 रन की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की। लेकिन जैसे ही यह साझेदारी टूटी, भारतीय स्पिनरों ने मैच पर पूरी पकड़ बना ली। दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने मिलकर मिडिल ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। सिदरा अमीन ने धैर्यपूर्वक 106 गेंदों पर 81 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होते ही पाकिस्तान की आखिरी उम्मीद भी खत्म हो गई। आखिरकार पूरी टीम 43वें ओवर में 159 रन पर ढेर हो गई, और भारत ने मैच 88 रन से जीत लिया। भारत की तरफ से क्रांति गौड़ (3 विकेट) और दीप्ति शर्मा (3 विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जबकि स्नेह राणा ने दो विकेट लिए।

ओपनर प्रतिका रावल (31) ने तेज शुरुआत दी, उन्होंने डायना बेग के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़े। हालांकि, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना (23) एक बार फिर पावरप्ले में आउट हो गईं। एक बार एलबीडब्ल्यू अपील से बचने के बाद कप्तान फातिमा सना की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुईं। रावल भी जल्द ही आउट हो गईं, जब उनके कट शॉट ने ऑफ स्टंप की बेल्स उड़ा दीं। इसके बाद हरलीन देओल (46) ने पारी को संभाला। उन्होंने पहले हरमनप्रीत कौर (19) के साथ 39 रन की साझेदारी की और फिर जेमिमा रॉड्रिग्स (32) के साथ 45 रन जोड़े।

## सिनेमा

# शोबिज में आने से घबरा रहीं थीं अनीत पड्डा, एक्टिंग और पढ़ाई के बीच किया स्ट्रगल, बोलीं- बहुत सारे...



अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' ने कमाल कर दिखाया है. बॉक्स ऑफिस पर भी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी. दोनों ही ओवरनाइट सेंसेशन बन चुके हैं. मोहित सुरी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म से दोनों ने ही डेब्यू किया है. हालांकि, अनीत, साल 20022 में आई फिल्म 'सलाम वेंकी' का हिस्सा थीं, लेकिन वो कुछ खास नोटिस नहीं हो पाई थीं. हाल ही में एक इंटरव्यू में अनीत ने बताया कि वो फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने को लेकर काफी घबराई हुई थीं. अजीब-अजीब सी बातें उनके दिमाग में आ रही थीं. प्राइम वीडियो सीरीज 'Big Girls Don't Cry' में भी अनीत नजर आई थीं. इस दौरान वो श्योर नहीं थीं कि किस तरह वो एक्टिंग और कॉलेज को साथ में संभाल पाएंगी. शोबिज में आने को लेकर अनीत के मन में बहुत सारे डाउट्स थे. ये भी आ रहा था मन में कि वो सर्वाइव कर भी पाएंगी या नहीं. आर्थिक रूप से कितनी मजबूत बन पाएंगी. अनीत ने कहा- कॉलेज और पढ़ाई के बीच मैंने स्ट्रगल किया है. सेट पर मुझे काफी सारी चीजें कल्चर के रूप में अलग दिखती थीं क्योंकि मैं बड़े लोगों से घिरी रहती थी. ट्रैवल होता था. मन में ये आता था कि मैं इस लाइन में अगर अपना करियर बनाऊं तो क्या सक्सेसफुल हो भी पाऊंगी.

## Highlights

1. Why India's high earners are rethinking life abroad?
2. Cyclone 'Shakti' intensifies; may weaken from Oct 6
3. NHAI to install QR code sign boards on national highways
4. Centre proposes draft rules for assistive devices
5. Valid ask: Bihar Dy CM on verifying voter ID of burqa-clad women

# DeepSeek releases new AI model in fresh challenge for Alibaba's Qwen, OpenAI




**NEW DEIHI, (Agency).** DeepSeek has released its latest "experimental" AI model, which the Chinese AI developer says is more efficient to train and better at processing long sequences of text than previous iterations of its LLMs.

The Hangzhou-based company called DeepSeek-V3.2-Exp an "intermediate step toward our next-generation architecture" in a post on developer forum Hugging Face.

That architecture will likely be DeepSeek's most important product release since V3 and R1 shocked Silicon Valley and tech investors outside China.

The V3.2-Exp model includes a mechanism called DeepSeek Sparse Attention, which the Chinese firm says can cut computing costs and boost some types of model performance. DeepSeek said in a post on X on Monday that it is cutting API prices by "50% ".

While DeepSeek's next-generation architecture is unlikely to roil markets as previous versions did in January, it could still put significant pressure on its domestic rivals like Alibaba's Qwen and US counterparts like OpenAI if it can repeat the success of DeepSeek R1 and V3. That would require it to demonstrate high capability for a fraction of what competitors charge and spend in model training.

# Reliance begins informal talks with banks for record-breaking Jio IPO

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Ltd. has started informal talks with banks about the Jio IPO for a potential listing in the first half of 2026, Bloomberg News reported on Friday, citing people aware of the matter.

A formal process may begin by the end of this month and Reliance could start officially appointing investment bankers in November, the people said, asking not to be identified because the discussions are private.

The Jio Platforms IPO could raise more than $6 billion with Reliance selling just 5% of the company, Bloomberg News reported in July. That's far more than the record $3.3-billion raised in Hyundai Motor India Ltd. in 2024.




Deliberations are ongoing and details such as the size and timing of the Jio IPO could change, the people said. A representative for Reliance didn't have any immediate comment.

Mukesh Ambani, chairman of Reliance Industries, had said in August the Jio listing could take place in the first half of 2026.

"We are aiming to list Jio by the first half of 2026, subject to all necessary approvals," Ambani said during the Reliance Industries' 48th annual general meeting on 29 August 2025. "I assure you that this will demonstrate that Jio is capable of creating the same quantum of value as our global counterparts. I am sure that it will be a very attractive opportunity for all investors."

Reliance Jio Infocomm Ltd. has about 500 million subscribers, making it the biggest wireless carrier in the country. On Friday, RIL shares fell 0.39% to ₹1,363.45 apiece on the BSE even as the benchmark Sensex ended the day 0.28% higher at 81,207.17 points.

# सड़क हादसे में दादी की मौत, पोता घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गांधी नगर इलाके में एक हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उनका 17 वर्षीय नाबालिग पोता घायल हुआ है। हादसा रात के समय पितृ पर्वत क्षेत्र में हुआ।**

पुलिस के अनुसार, यश राठौर (17) अपनी दादी शांताबाई (पतिः धनसिंह राठौर) को बुढानिया स्थित उनके पुराने घर छोड़ने जा रहा था। रात करीब 11 बजे रास्ते में बाइक फिसल गई और दोनों सड़क पर गिर गए। राहगीरों की मदद से दोनों को तुरंत एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया,



जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। यश को उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

परिवार के अनुसार, यश अपने माता-पिता के साथ जय भवानी नगर में रहते हैं। बुढानिया में दादी-दादाजी का मकान निर्माणाधीन है। शनिवार को इलाके में भंडारे का आयोजन था, जिसमें दादी को यश के पिता लेकर आए थे। रात में यश को पिता ने बाइक देकर घर छोड़ने भेजा था। यश वर्तमान में 10वीं कक्षा का छात्र है।

# मां बात नहीं कर रही थी, बेटे ने सुसाइड किया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र), इंदौर।** बाणगंगा इलाके में रहने वाले 28 वर्षीय शुभम, पुत्र जमना प्रसाद ने शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के पीछे शुभम की मां से अनबन और पत्नी के रिश्तेदारों के यहां चले जाने को वजह बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को जब शुभम के पिता घर आए और कमरे में गए, तो उन्होंने शुभम को फंदे पर लटका पाया। शुभम स्कूली वैन चलाता था, जबकि उसके पिता निजी कंपनी में ड्राइवर हैं। शुभम का एक भाई और बहन भी हैं। परिवार के अनुसार, शुभम की शादी 7 माह पहले हुई थी और उसकी पत्नी वर्तमान में पांच माह की गर्भवती है। घटना से एक दिन पहले ही पत्नी अपने रिश्तेदारों के पास एमआर 10 इलाके में रहने चली गई थी। पत्नी के जाने के बाद शुभम दोस्तों के साथ शराब पीकर घर लौटा। इस पर मां ने उसे फटकार लगाई। उसके बाद मां और शुभम के बीच बातचीत नहीं हुई। तनाव और अकेलपन के कारण शुभम ने यह कदम उठाया, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ।

# सतपाल गैंग के दो सदस्य पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाडिया पुलिस ने सतपाल गैंग से जुड़े बदमाशों को पूर्व में पकड़ा था। उन्होंने और मेंबरों के नाम बताए थे। पकड़े गए आरोपियों से करीब 36 लाख माल जब्त किया गया है। आरोपियों ने करीब 4 चोरियों की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने माल सुनारों से जब्त किया। मामले में उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है।**

टीआई सहर्ष यादव की टीम ने पूर्व में कार के सीसीटीवी फुटेज से सतपाल फौजी गैंग के मेंबरों को पकड़ा था। आरोपियों से घटना के समय कुछ चोरी का माल बरामद हुआ था। गैंग के अन्य लोगो के नाम भी बताए थे। उनकी पुलिस मुखबिर के माध्यम से तलाश कर रही थी। कनाडिया पुलिस ने मामले में नरेश पुत्र जगदीश कुमार यादव निवासी ग्राम कुजोता जिला कोठपुतली राजस्थान और परमिंदर पुत्र रमेश तंवर निवासी ग्राम भानगढ भिवंडी हरियाणा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से करीब 36 लाख का माल जब्त किया गया है।

आरोपी शहर में आने जाने के दौरान कच्चों रास्तों का इस्तेमाल करते थे। ताकि टोल नाकों पर उनकी कार के नंबर ट्रेस न हों। इसके साथ ही आरोपियों ने राजस्थान, गुजरात, तेलगांना और महाराष्ट्र में भी पूर्व में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक